हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 14 मार्च 2026
[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

2
चक्रधर नगर चौक में पलटी आयरन गोली ओवरलोड वाहन तो पुलिस को याद आई कार्रवाई



## खबर संक्षेप



### जुआ फड़ पर पुलिस ने दी दबिश, चार जुआरी पकड़ाए

**रायगढ़।** पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द क्षेत्र अंतर्गत बरपाली जंगल में जुआ फड़ की सूचना मिली थी। पुलिस ने बरपाली जंगल में ईमली के पेड़ के पास घेराबंदी कर दबिश दी, जहां कुछ लोग 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी जंगल की ओर भाग गए। मौके से चार जुआरियों को पकड़ा गया। पूछताछ में जुआरियों ने अपना नाम सालिकराम सारथी पिता स्व. धनीराम सारथी 55 गिधकालो, देव प्रसाद राठिया पिता हरिभूषण राठिया 32 निवासी ग्राम गनपतपुर, श्रीकांत यादव पिता वृंदावन यादव 33 निवासी ग्राम चरखापारा, निरंजन यादव पिता भुवन यादव 35 निवासी ग्राम चरखापारा बताया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 10 हजार 600 जब्त किया गया। तीन मोबाइल और पांच मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं।

## जिले में कोई दूसरा ठेकेदार करना नहीं चाह रहा निर्माण काम

# 4 साल में एक इंच नहीं बढ़ा, ब्लैकलिस्टेड के बजाय उसी को दे दिया दोबारा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीडब्ल्यूडी सेतु निगम के अधिकारियों ने उसी ठेकेदार को दोबारा काम दे दिया है जो चार साल तक काम लेने के बाद एक इंच आगे नहीं बढ़ाया था। दो बार इसके काम को निरस्त किया गया, फिर दोबार टेंडर किया गया, लेकिन कोई ठेकेदार सामने ही नहीं आया। ऐसे में अधिकारियों ने उसी ठेकेदार को फिर से काम दे दिया है। खास बात यह है कि यह काम अधिकारियों को मजबूरी में करना पड़ा है, कारण जिले में कोई ठेकेदार निर्माण काम को लेना ही नहीं चाह रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार चंद महीने में ही काम पूरा करने की शर्त रख दी गई है। ऐसे में निर्माण होगा या नहीं यह भी नहीं कहा जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में नदी- नालों को पार करना आज भी परेशानी का सबब बना हुआ है। इन गांवों में पुल-पुलिया निर्माण के लिए योजना तो बनती है और ठेकेदार को काम भी दे दिया जाता है, लेकिन समय पर निर्माण पूरा नहीं होने से ग्रामीणों को इसका फायदा मिलता ही नहीं है।

ठेकेदारी सिस्टम की वजह समय पर कोई काम पूरा नहीं हो पाता है। इन ठेकदारों के रसूख के आगे अधिकारियों की भी कुछ चलती नहीं है।

ऐसे ही एक मामला पीडब्ल्यूडी सेतु निगम में आया है, जहां काम लेने के बाद ठेकेदार ने चार साल तक एक ईंट भी नहीं रखा। पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग में ठेकेदार बिशंभर दयाल अग्रवाल को पांच पुलों का ठेका मिला था। सभी ठेके स्वीकृति से 15-20 फीसदी बिलो में लिए गए थे। काम पूरा करने की तिथि गुजर गई, लेकिन पूरा नहीं हुआ।



**दो बार किया गया था उसका ठेका निरस्त, दो बार टेंडर जारी, लेकिन कोई ठेकेदार नहीं आया सामने**

### यहां अटका दिया निर्माण

धरमजयगढ़ में रायमेर से ससकोबा मांड नदी पर 6.27 करोड़ में पुल बनाने का ठेका बिशंभर दयाल ने 28 जून 2021 को लिया था। 27 जुलाई 2022 तक काम पूरा किया जाना था लेकिन अब तक केवल 30 प्रश ही काम पूरा हो सका है। खरसिया में तुरेकेला से तिउर के बीच सपनई नाले में 4.49 करोड़ की लागत से पुल बनाना था। इसका वर्क ऑर्डर 8 दिसंबर 2021 को जारी हुआ था। इस पुल को 7 जनवरी 2023 तक पूरा करना था, यह काम भी अधूरा ही है। दोनों कामों का एग्रीमेंट निरस्त कर दोबारा टेंडर लगाया गया। अब विभाग ने मजबूरी में दोनों काम वापस से विशंभर दयाल को दिया है। तुरेकेला पुल को जून 2026 तक और रायमेर पुल को दिसंबर 2026 तक पूरा करने की शर्त रखी गई है।

### इन पुलों का अटका है काम

तेंदुमुड़ी से बेहरामुड़ा धरमजयगढ़ तक 22.63 प्रश बिलो में 6.99 करोड़ में कुरकुट नदी में पुल बनाने का ठेका लिया था। इसका काम 5 फरवरी 2022 तक पूरा हो जाना था। 85 प्रश काम पूरा होने के कारण यह एग्रीमेंट पुनर्जीवित किया गया है। नरकालो-बायसी मार्ग पर मांड नदी में 10.57 करोड़ की लागत से पुल बनना था जिसकी डेडलाइन 13 अप्रैल 2023 थी। यह काम भी 42 प्रश ही पूरा हो सका है। इसका एग्रीमेंट भी निरस्त कर दिया गया। बरमकेला के बडे़ नवापारा से किंकारी नाला पर पुल निर्माण 9.63 करोड़ की लागत से किया जाना था। 23 जनवरी 2023 तक काम पूरा होना था। 75 प्रश काम पूरा करने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है।

## सुरक्षा नियम दरकिनार, चार अधिभोगियों पर 14 लाख पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के उद्योगों में हादसे थम नहीं रहा है। वजह इन प्लांटों में श्रम कानून और सुरक्षा मानकों को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया जा रहा है। बीते दो साल के भीतर के मौत के आंकड़ों पर गौर करें तो 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इन प्लांटों में जांच होती है उस दौरान तो सबकुछ ठीक रहता है, लेकिन बाद में अपनी मनमानी करते हैं इसके कारण हादसे में वहां के मजदूरों की असामयिक मौत हो रही है।

अधिकारियों द्वारा लाख चेतावनी दिया जा रहा है, लेकिन हालात सुधर नहीं रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि श्रम कानूनों का पालन नहीं करने की वजह से चार कारखाना प्रबंधकों पर करीब14 लाख की पेनाल्टी श्रम न्यायालय द्वारा लगाई गई है। महीने में दो चार घटनाएं यहां के प्लांटों में होंती ही है। उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल द्वारा जिले में स्थापित विभिन्न कारखानों में घटित दुर्घटनाओं के पश्चात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाए गए उल्लंघनों के संबंध में संबंधित कारखानों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय में दायर किया गया था। जिनका बीते फरवरी में निराकरण किया गया है। जिसमें न्यायालय ने दोषी पाए गए संचालकों पर अर्थदण्ड लगाया है।

**खास बात**

- चार कारखानों के खिलाफ दायर की गई थी याचिका, श्रम न्यायालय ने लगाया अर्थदण्ड

### किस प्लांट को कितनी पेनाल्टी

ग्राम एवं पोस्ट सराईपाली स्थित मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल प्रा.लि. में निरीक्षण के दौरान कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 7ए (2) (ए) एवं धारा 41 सहपठित नियम 73 (1) के उल्लंघन पाए गए थे। इस प्रकरण में अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक प्रकाश बेहरा के विरुद्ध दायर मामले में श्रम न्यायालय ने उन्हें 2 लाख 30 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। ग्राम पाली स्थित मेसर्स अग्रोहा स्टील एण्ड पावर प्रा.लि. में निरीक्षण के दौरान कई सुरक्षा संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया था। कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 7ए (2) (ए), धारा 7ए (2) (सी), धारा 41 सहपठित नियम 73 (1), धारा 6 (1) एवं 7 सहपठित नियम 3ए के उपनियम 3 तथा धारा 32 (1) (ग) के उल्लंघन के मामले में अधिभोगी उत्तम कुमार अग्रवाल तथा कारखाना प्रबंधक वीर विक्रम सिंह के विरुद्ध दायर प्रकरण में श्रम न्यायालय ने दोनों को अलग-अलग 4-4 लाख अर्थदण्ड से दण्डित किया है। फरसाबहार ग्राम-उपरकछार स्थित मेसर्स विष्णु ब्रिक्स इंडस्ट्रीज में भी निरीक्षण के दौरान कारखाना अधिनियम 1948 के कई प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया था। इस मामले में अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक विष्णु प्रसाद के विरुद्ध धारा 6 (1) एवं 7 सहपठित नियम 4 एवं 3ए के उपनियम 1 एवं 3, धारा 41 सहपठित नियम 73 (1) तथा धारा 7ए (2) (ए) के उल्लंघन के लिए श्रम न्यायालय रायगढ़ ने उन्हें 3 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वहीं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 तथा छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियम 2008 के उल्लंघन के एक अन्य मामले में भी कार्रवाई की गई। ग्राम कोटमार मेसर्स इंड सिनर्जी लिमिटेड के संचालक नेत्रानंद थतोई और एजी कंस्ट्रक्शन के संचालक अदालत गिरी के विरुद्ध नियम 42 (7), नियम 42 (5), नियम 54 एवं नियम 178 के उल्लंघन पाए जाने पर श्रम न्यायालय रायगढ़ ने दोनों को 8-8 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## हत्या का प्रयास, फरार 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो आरोपी अभिषेक ठाकुर और सत्यम महंत तथा तीन विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार 04 मार्च की दोपहर मो. जीशान राजा 18 निवासी बोईरदादर कृष्णा वाटिका कॉलोनी अपने साथी रोशन सिंह के साथ एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एए 3925 से कोतरारोड़ की ओर गए थे। दीपक किराना दुकान के पास रोशन सिंह मोबाइल पर बात करने के लिए रुके हुए थे, तभी दो लड़के अपचारी बालक वहां पहुंचे और यहां क्या कर रहे हो कहते हुए गाली-गलौज कर मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली। इसी दौरान एक्टीवा में अभिषेक ठाकुर वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर उसने ईंट उठाकर रोशन सिंह पर हमला कर दिया और उसके अन्य साथी भी वहां पहुंचकर मारपीट करने लगे। हमले में रोशन सिंह को सिर के पीछे, सीने और पेट में धारदार वस्तु से गंभीर चोटें आईं। घायल को पहले मेडिकल कॉलेज ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया, जिसके बाद उसे मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115(2), 324(4), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन गिरफ्तारी के भय से सभी फरार थे। बुधवार को पुलिस टीम ने अभिषेक ठाकुर, सत्यम महंत तथा तीन अपचारी बालकों को पकड़ लिया। एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया गया। साक्ष्य के आधार पर मामले में धारा 109 बीएनएस (हत्या के प्रयास) तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक ठाकुर पिता प्रहलाद सिंह ठाकुर 24 निवासी सोनिया नगर, सत्यम महंत पिता सुरेन्द्र महंत 21 निवासी तेंदुडीपा दरोगामुड़ादोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अभिषेक ठाकुर आदतन बदमाश किस्म का है, जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली में लूट, बलवा, आर्म्स एक्ट और मारपीट के 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं।



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री बने परमेश्वर

**जशपुरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परमेश्वर भगत को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से संगठन और क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले परमेश्वर भगत को उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। परमेश्वर भगत इससे पहले मनोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में संगठन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके कार्यकाल में ब्लॉक स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को गति मिली और कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक समन्वय मजबूत हुआ। वर्तमान में वे जनपद पंचायत मनोरा के अध्यक्ष भी हैं और क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ जनसंपर्क में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर परमेश्वर भगत ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिला अधिवक्ता संघ ने दी जैन को श्रद्धांजलि



**जशपुरनगर।** जिला अधिवक्ता संघ जशपुर द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन के निधन पर शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघ के सदस्य अधिवक्ता देवेंद्र कुमार जैन के पिता महावीर प्रसाद जैन का 5 मार्च 2026 को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन से जशपुर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जिला अधिवक्ता संघ ने शोक प्रस्ताव पारित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान संघ ने यह भी निर्णय लिया कि, शोक प्रस्ताव की एक प्रति दिवंगत के परिजनों को भेजी जाएगी । इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिन्हा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपिका कुजूर, सचिव सत्यप्रकाश तिवारी, सह सचिव सूरज चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुचेन्द्र कुमार सिंह, ग्रंथपाल गोपाल प्रसाद रवानी एवं सांस्कृतिक व क्रीड़ा सचिव सत्येन्द्र जोल्हे सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### बूट हाउस का ताला तोड़कर हजारों का माल ले उड़े चोर

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है। ताजा मामला तमता क्षेत्र का है, जहां गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने श्याम बूट हाउस का ताला तोड़कर हजारों रुपए के जूते-चप्पल और अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, दुकान संचालक राहुल अग्रवाल जब सुबह अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और दुकान के अंदर रखा महंगा माल गायब था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। राहुल अग्रवाल ने तुरंत पत्थलगांव थाने पहुंचकर चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग- स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि, पिछले कुछ समय से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन अभी तक चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। व्यापारियों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। चोरी के पुराने मामलो में पुलिस के हाथ खाली- पत्थलगांव में भी पूर्व में कोयला फैक्ट्री गली में लाखों रुपए के जेवरात एवं अन्य सामानों की चोरी हो चुकी है जिस पर पुलिस के हाथ आज तक खाली हैं। पुलिस चोरी के सुराग को ढूंढने में असफल रही है।

हर दिन यहां रात से सुबह 6 बजे तक भारी और ओवरलोड वाहनों की रहती है रेलमपेल

# चक्रधर नगर चौक में पलटा आयरन गोली ओवरलोड वाहन तो पुलिस को याद आई कार्रवाई



**रायगढ़।** ट्रेफिक पुलिस हो चाहे आरटीओ, जब कुछ घटनाएं घटती है तब उनको कार्रवाई की याद आती है। इसका ताजा उदाहरण बुधवार की रात आयरन गोली ओवरलोड भारी वाहन ठीक चक्रधर नगर चौक में पलट गई। पलटी होने की वजह चौक में ओवरलोड वाहन को चालक नियंत्रित नहीं कर सका और वहां बने डिवाइडर में टकरा गया। जिससे वाहन पलट गई। पलटने के बाद उसमें लोड आयरन गोली पूरे सड़क पर बिखर गई। रात होने की वजह से कोई बड़ी घटना तो नहीं घटी लेकिन डिवाइडर जरुर टूट गया है। पलटी हुई ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 13 एके 4986 का चालक वाहन को खतरनाक तरीके से चलाते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में ले आया और वाहन को पलटा दिया, जिससे वाहन में लोड आयरन पेलेट गोली सड़क पर बिखर गया। चक्रधरनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी बुलाकर रात में ही सड़क पर बिखरे आयरन पेलेट को हटवाकर रास्ता साफ कराया।

### पुलिस के लिए यह चुनौती

इस वाहन में ओवरलोड था यह बात खुद पुलिस कह रही है। यदि ऐसा था तो बेरियर में जांच करने वाला ट्रेफिक पुलिस ने रोका क्यों नहीं। पुलिस ने बताया कि मौके पर ट्रेलर चालक पुष्पराज साहू पिता सीयालाल साहू 25 निवासी ग्राम सिलवार थाना जोगीपहरी जिला सीधी से पूछताछ की गई तथा वाहन का वजन कराए जाने पर वाहन में क्षमता से अधिक 25 टन ओवरलोड आयरन पेलेट का परिवहन किया जा रहा था। साथ ही दस्तावेजों की जांच गई पता चला वाहन का बीमा भी नहीं था। ऐसे में चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन के तहत धारा 184, 115/194, 113/194(1), 146/196 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पलटी गाड़ी तो एक साथ धरे चार को

इसी दौरान देर रात चक्रधरनगर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले अन्य भारी वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इनमें हाइवा 12 चक्का क्रमांक सीजी 13 बीसी 6434, ट्रक (डालाबाड़ी) क्रमांक ओडी 09 के 4445 तथा ट्रक 12 चक्का डालाबाड़ी क्रमांक ओडी 09 क्यू 2601 शामिल हैं। इन वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा चारों वाहन चालकों को न्यायालय में पेश किया गया। रायगढ़ शहर में निर्धारित प्रतिबंधित क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है। यह पुलिस खुद कह रही है, लेकिन यहां तो हर रात 5-6 सौ वाहनों का रेलमपेल लगा रहता है।

## 87 हजारा बकाया था दुकानदार का निगम ने कर दी दुकान सील



**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान के तहत बड़े बकायादारों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कबीर चौक स्थित एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए निगम की राजस्व टीम ने दुकान को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक छोटू बेग पर लगभग 87 हजार से अधिक का दुकान किराया बकाया था। निगम द्वारा कई बार नोटिस देने और बकाया राशि जमा करने के लिए निर्देश दिए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं की गई। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील कर दिया। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर के अन्य बड़े बकायादार दुकानदारों और संपत्ति धारकों के खिलाफ भी इसी प्रकार की कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। बकाया कर जमा नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्व वसूली को बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम का राजस्व विभाग अब छुट्टी के दिन भी खुला रहेगा। नागरिक सप्ताह के सातों दिन कार्यालय समय में आकर संपत्ति करए समेकित करए जलकर, यूजर चार्जए दुकान किराया सहित सभी प्रकार के टैक्स जमा कर सकेंगे।

### छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा 16 से

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 16 मार्च से 8 अप्रैल तक प्रातः 8.30 से 11.45 बजे तक अयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में 7 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। जिसके अंतर्गत स्वाामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय राजपुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुसमी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# पीएम ने जारी की किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त




**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का देशव्यापी हस्तांतरण किया। इस ऐतिहासिक पल का सीधा प्रसारण जशपुर जिले के कृषि विज्ञान केंद्र डुमरबहार में आयोजित किया गया, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान देशभर के करोड़ों किसानों के खातों में कुल 18 हजार 640 करोड़ रुपए की राशि डिजिटल माध्यम से भेजी गई। इसी कड़ी में जशपुर जिले के कुल 76 हजार 106 पंजीकृत कृषकों के बैंक खातों में 14.32 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस आर्थिक मदद से रबी सीजन की खेती कर रहे किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि कार्यों में बड़ी राहत मिलेगी।

### ई-केवाईसी और तकनीकी बारीकियों पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों और विभाग के अधिकारियों ने किसानों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया। मुख्य रूप से किसानों को बताया गया कि, प्रतिवर्ष मिलने वाली 6 हजार रुपए की सहायता कैसे उनके स्वावलंबन का आधार बन रही है। ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग और बैंक खाता सत्यापन की प्रक्रिया समझाई गई, ताकि किसी भी किसान की किस्त तकनीकी कारणों से न रुके। यदि किसी किसान को किस्त प्राप्त नहीं हो रही है, तो उन्हें संबंधित पोर्टल या कृषि विभाग से संपर्क करने की सलाह दी गई।

### वैज्ञानिकों ने दिया उन्नत खेती का मंत्र

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत ने केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने रबी फसलों के प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वैज्ञानिकों डॉ छत्रपाल, डॉ नागेन्द्र कुमार, मनीष वर्मा ने किसानों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया।

### जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक लगातार पहुंच रहा है। इसी कड़ी में दुलदुला विकासखंड की सुनेमा बाई के परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलने से बड़ी राहत मिली है। सुनेमा बाई बताती हैं कि, उनके परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ है, और घर का निर्माण कार्य जारी है। घर की छत ढलाई का काम पूरा हो चुका है और जल्द ही उनका परिवार अपने नए पक्के घर में रहने लगेगा। पक्का घर बनने से अब बारिश और अन्य परेशानियों से काफी राहत मिलेगी और परिवार को सुरक्षित रहने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सहायता मिल रही है। साथ ही राशन कार्ड के माध्यम से निशुल्क चावल मिल रहा है। परिवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा का लाभ भी मिल रहा है।

# पुलिस सैलरी पैकेज बना दिवंगत आरक्षक के परिवार का सहारा



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी "पुलिस सैलरी पैकेज" योजना के तहत जशपुर जिले के रक्षित केंद्र में पदस्थ रहे दिवंगत आरक्षक स्व रमेश बड़ा के परिवार को बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत उनकी पत्नी सोलमा बाई को भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से 1 करोड़ रुपए की जीवन बीमा सहायता राशि प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि स्व रमेश बड़ा की 6 अगस्त 2025 को दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उस समय वे रक्षित केंद्र जशपुर में पदस्थ थे। स्व रमेश बड़ा ने 8 जनवरी 1995 को अविभाजित मध्यप्रदेश के गुना जिले से आरक्षक के रूप में पुलिस सेवा प्रारंभ की थी और लंबे समय तक विभाग में सेवाएं दीं। योजना के अंतर्गत आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार ने भारतीय स्टेट बैंक जशपुर के मुख्य प्रबंधक समीर कुमार, वरिष्ठ सहायक संदीप कुमार सिंह व गौतम कुमार झा की उपस्थिति में दिवंगत आरक्षक की पत्नी सोलमा बाई व उनके परिजनों को 1 करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया। अधिकारियों ने दी परिवार को फंड मैनेजमेंट की जानकारी इस दौरान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह तथा बैंक अधिकारियों ने दिवंगत के परिजनों को प्राप्त राशि के सुरक्षित और समुचित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने परिजनों को फंड मैनेजमेंट के बारे में भी समझाइश दी, ताकि इस राशि का भविष्य में सही और सुरक्षित उपयोग किया जा सके। पुलिस सैलरी पैकेज पुलिस कर्मियों के परिवारों का सुरक्षा कवच इस अवसर पर डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि, छत्तीसगढ़ शासन की "पुलिस सैलरी पैकेज" योजना पुलिस परिवारों के लिए सुरक्षा कवच की तरह है। इस योजना के तहत ड्यूटी के दौरान या दुर्घटना में मृत्यु होने पर नामांकित सदस्य को 1 करोड़ रुपए तक का बीमा कवर तथा सामान्य मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# बोर खनन पर प्रशासन की दोहरी नीति, रसूखदारों को दे रहे छूट



**सरसीवा।** सारंगढ़ जिले में बोर खनन को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। आम नागरिकों, छोटे व्यवसायियों और खनन कार्य से जुड़े श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि हाल ही में लागू किए गए बोर खनन नियमों का पालन जमीन पर समान रूप से नहीं कराया जा रहा है। उनका कहना है कि जहां छोटे खननकर्ताओं पर नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है, वहीं प्रभावशाली और रसूखदार लोगों के मामले में प्रशासन की सख्ती नदारद दिखाई देती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण, भूजल सुरक्षा और अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा बोर खनन के लिए एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना तथा मिट्टी का सैंपल प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह नियम व्यवहार में केवल सीमित वर्ग तक ही लागू किया जा रहा है। आरोपों के मुताबिक जिले के कुछ रसूखदारों प्रभावशाली व्यक्तियों और बड़े व्यापारिक समूहों के पास दर्जनों बोर मशीनें और परिवहन वाहन संचालित हो रहे हैंए जिनका खनन कार्य दिन.रात जारी है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इन गतिविधियों के दौरान न तो अनुमति संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रभावी जांच या कार्रवाई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर छोटे वाहन मालिकों, मजदूरों और सीमित संसाधनों से काम करने वाले खननकर्ताओं को बार-बार पूछताछ, नोटिस और अनुमति प्रक्रिया की जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई लोगों का कामकाज प्रभावित होने की बात सामने आई है। इस पूरे मामले को लेकर नागरिकों ने प्रशासन से पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जिले में बोर खनन के नियमों का पालन चुनिंदा लोगों पर ही कराया जा रहा है और प्रभावशाली लोगों को छूट मिल रही हैए तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। प्रशासन को चाहिए कि वह निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पूरे मामले की जांच कर स्पष्ट करे कि कानून सबके लिए समान रूप से लागू हो रहा है। स्थानीय नेता सुनील शर्मा ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े मामलों में नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है, लेकिन उतना ही आवश्यक यह भी है कि कानून का अनुपालन बिना किसी भेदभाव के हो।

### तहसीलदार का सराहनीय कदम, अब पटवारी और पक्षकार होंगे आमने-सामने

**कटेली।** अक्सर देखा जाता है कि सीमांकन और राजस्व संबंधी कार्यों के लिए किसानों को हफ्तों तक तहसील और पटवारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सारंगढ़ तहसीलदार एनण किशोर सिन्हा ने एक नई कार्ययोजना लागू की है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य राजस्व कार्यों में तेजी लाना है। सोमवार पटवारी मुख्यालय में उपस्थिति पटवारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे सोमवार को अपने निर्धारित मुख्यालय हल्का में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इससे ग्रामीणों को अपने छोटे.मोटे कार्यों के लिए शहर या तहसील कार्यालय नहीं दौड़ना पड़ेगा। खेतों की मेढ़ और सीमाओं से जुड़े विवादों को सुलझाने के लिए बुधवार का दिन सीमांकन के लिए आरक्षित किया गया है। इस दिन राजस्व टीम मौके पर जाकर लंबित मामलों का निपटारा करेगी। शुक्रवार समीक्षा एवं जनसुनवाई आमने सामने सप्ताह का सबसे महत्वपूर्ण दिन शुक्रवार होगा।

## खलिहान में नपं बना रहा नाली जहां जरुरत वहां निर्माण ही नहीं



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के बोरोडिपा चैक से थोडे से आगे कोसमंदा की ओर रोड थोडा गहरा है वहीं दोनों ओर बने हुए नाली भी पिछले 3 सालों से जाम है जो बरसात के समय क्षेत्र के रहवासियों को पानी निकासी नहीं हो पाने से भारी तकलीफ का सामना करना पडता रहा है। इस तथ्य के मद्देनजर कई बार नगर पंचायत में आवेदन किया जिसमें नगर पंचायत द्वारा न ही संबंधित नाली की सफाई की और न ही वहां नया नाली बनाया गया। अब भी स्थिति जस के तस है। इन रहवासियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा जहां लोग निवास कर रहे हैं वहां के नाली सफाई अथवा नये नाली का निर्माण नहीं किया जा रहा है और जहां कोई नहीं रहता खेत खलिहानों के किनारे नाली बनाया जा रहा है। इससे शासकीय राशि का दुरूप्योग तो हो रहा है वहीं हमारी घोर उपेक्षा भी की जा रही है। बताया जाता है कि जिस जगह पर जहां नाली जाम है, पानी भर जाता है वहीं दुसरी ओर ऐसे नाली बनाया गया है वहां पानी ही नहीं पहुंचता चूंकि बना हुआ नाली रोड से उपर है इसलिये सारा पानी एक साइड होकर उस ओर के लोगों को परेशानी में डालता है।

## मां मंगला इस्पात में स्वास्थ्य शिविर सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ



**रायगढ़।** जिले के नटवरपुर स्थित मां मंगला इस्पात परिसर में 13 मार्च को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अपोलो अस्पताल बिलासपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों और कंपनी कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। आयोजित शिविर में नटवरपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके साथ ही कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और डॉक्टरों से जरूरी सलाह ली। शिविर में सामान्य रोगों की जांच के साथ.साथ बीपी, शुगर, सांस संबंधी समस्याएं, दमा तथा चर्म रोगों की विशेष रूप से जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नंदा गोपे ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों में बीपी, शुगर, सांस से जुड़ी बीमारियां और त्वचा रोग के मरीज अधिक पाए जा रहे हैं। ऐसे मरीजों को चिन्हांकित कर उनका उपचार किया जा रहा है तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

### छोटे झाड़-जंगल शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने की मांग



**पुसौर।** पुसौर में शासकीय भूमि अंतर्गत गौचर, जलचर, छोटे झाड जंगल आदि भूमि को एक हजार एकड के आसपास पास बताया जाता है जिसमें इन दिनों कई स्थानों पर शासकीय कार्यालय स्कूल कालेज निर्माण हुआ है वहीं शासन द्वारा हाउसिंग कालोनियां भी निर्माण की गई है इसके बावजुद भी अब शासकीय रिकार्ड में सैकडों एकड़ शासकीय भूमि है जिसे छोटे झाड जंगल के नाम से जाना जाता है। उक्त शासकीय भूमि को नगर पंचायत के कई जनप्रति एवं आम नागरिकों ने शासकीय प्रयोजन के लिए सुरक्षित रखने की मांग की है। इनका कहना है कि आए दिन पुसौर के शासकीय भूमि पर कब्जा होते आ रहा है जिसमें कभी ठेला रख दिया जाता है उसमें फिर बिजली कनेक्शन हो जाता है और कुछ महिने में वह संबंधित भूमि का मालिकाना हक प्राप्त करने षासन के समक्ष तरह तरह का दावा करता है और अंत में उसे बेच कर वह पूंजी बना लेता है इस तरह की घटना पुसौर में दर्जनों लोग दोहरा चुके हैं जो पिछले कई वर्षों से होता हुआ आ रहा है।

## हाथियों की लगातार मौत पर युवा कांग्रेस का आक्रोश, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**घरघोड़ा।** ब्लॉक में दो मासूम हाथी शावकों की मौत हो गई थी। जंगलों के स्वाभाविक और शांत जीवन में रहने वाले ये विशाल वन्यजीव जब इंसानी लापरवाही और अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाते हैं, तो यह केवल एक घटना नहीं बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण की स्थिति पर गहरी चिंता का विषय बन जाता है।इसी गंभीर मुद्दे को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के नेतृत्व में गुरुवार को युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के बाद वन विभाग ने मामले की जांच तेज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैए जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। हाल ही में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के कुरकुट नदी के पास दो हाथी शावकों के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।



# धुरंधर 2 का पहला गाना आरी-आरी रिलीज...

**मुंबई।** जल्द ही फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्देशक आदित्य धर के जन्मदिप पर 'धुरंधर 2' का पहला गाना 'आरी आरी' रिलीज हुआ। गाने में रणवीर सिंह का खूंखार लुक नजर आया। 'आरी आरी' गाना फिल्म 'धुरंधर 2' का एंथम सॉन्ग है। फिल्म की कहानी को लेकर यह गाना काफी कुछ बयां कर रहा है। फिल्म में बदला लेने की हद को पार किया जाएगा, यह बात इस गाने में दिखे रहे विजुएल्स से समझ आती है। 'आरी आरी' में रणवीर सिंह के अलावा फिल्म 'धुरंधर 2' के बाकी किरदारों की झलक भी मिलती है। गाने में फिल्म के कई सीन्स दिखाए जाते हैं, जो ट्रेलर में नहीं थे।

## लाइफ Style

# जेनेलिया

## परफेक्शन नहीं, प्रगति पर फोकस करो

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने जिम से अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। इसके साथ उन्होंने सभी मांओं के नाम एक खूबसूरत मैसेज लिखा है। जेनेलिया डिसूजा चर्चित एक्ट्रेस होने के साथ-साथ दो बच्चों की मां भी हैं। उनके दो बेटे रियान और राहिल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जेनेलिया अपने परिवार को पूरा समय देती हैं। मगर, इसके साथ वे खुद पर भी पूरा ध्यान देती हैं। खासकर अपनी फिटनेस के बारे में कोई समझौता नहीं करती हैं। जेनेलिया ने आज गुरुवार को जिम से एक फोटो साझा की है। इसका कैप्शन और दमदार है। जेनेलिया डिसूजा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है। वे ब्लैक जैकेट और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। उनकी टीशर्ट पर लिखा है, 'आई'। बता दें कि मराठी में मां को आई कहते हैं। यह फोटो शेयर करते हुए जेनेलिया ने सभी मॉम को फिटनेस के प्रति जागरुक करते हुए मैसेज लिखा है। वे लिखती हैं, 'आई यानी मां जिम में। प्रोग्रेस पर फोकस करो, परफेक्शन पर नहीं। यह एक छोटा सा रिमाइंडर मेरे लिए है और साथ ही इसे पढ़ने वाली सभी माओं के लिए भी है'। जिम आउटफिट में हाथ में पानी की बोतल थामे जेनेलिया अपनी फिटनेस के प्रति पाबंद नजर आ रही हैं। जेनेलिया की टोन्ड बॉडी देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे अपनी सेहत और फिटनेस को लेकर कितनी जागरुक हैं। जेनेलिया के करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से डेब्यू किया था। इसी फिल्म से रितेश देशमुख ने भी डेब्यू किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# बिली दिखाएंगी अपना एक्टिंग टैलेंट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर बिली एलिश ने अपने गानों से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह अपने अभिनय का हुनर भी दर्शकों को दिखाएंगी। एक चर्चित नॉवेल पर बन रही फिल्म से वह अपना एक्टिंग डेब्यू करने वाली है। हॉलीवुड सिंगर बिली इलिश अब बड़े पर्दे पर अभिनय करेंगी। वह फिल्ममेकर सारा पॉली की अगली फिल्म का हिस्सा हैं। बता दें कि साल 2023 में सारा पॉली की फिल्म 'वुमन टॉकिंग' ने बेस्ट स्क्रीनप्ले का ऑस्कर जीता था। चार साल बाद फिल्ममेकर सारा पॉली फिर से सक्रिय हुई हैं और बिली एलिश को लेकर फिल्म बना रही हैं।





# द ब्लफ बनी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' बहुत हिट हो गई है। यह एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें प्रियंका ने ब्लडी मैरी नाम की दमदार महिला डाकू का रोल किया है। फिल्म को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं, लेकिन दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया। फरवरी के आखिर में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्मों के चार्ट में नंबर 1 पर पहुंच गई है। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के आंकड़ों में इसने करीब 300.3 मिलियन मिनट का व्यूअरशिप हासिल किया। यानी यह फिल्म दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बन गई। प्रियंका के फैंस उनकी इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें अभिनेत्री की इस सफलता पर बहुत गर्व हो रहा है। फैंस लगातार सोशल मीडिया पर अपनी राय पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'वह इसकी हकदार हैं, उन्होंने बहुत मेहनत की है'।



# रामायण के दूसरे पार्ट की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** रामायण फिल्म को लेकर नई-नई खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिनों इसके कुछ फोटो वायरल हुए थे, जिन्हें शूटिंग से लीक हुए फोटोज बताया जा रहा था। लेकिन, बाद वे में वे फैक निकले। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। रणबीर कपूर की इस फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि रणबीर कपूर ने दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस पार्ट में माता सीता के अपहरण के बाद की घटनाओं का जिक्र होगा। फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे सनी देओल भी इस वीकेंड से शूटिंग में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'करीब दो महीने का शूटिंग शेड्यूल रखा गया है, जिसमें काफी बड़े एक्शन और ड्रामा वाले सीन शूट होंगे। कहानी अब भगवान राम के लंका जाने के सफर की ओर बढ़ेगी।



# अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा

**मुंबई।** आजकल हर कैटेगरी की फिल्में आ रही हैं। कुछ सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो कुछ ओटीटी पर। ऐसे में विशाल भारद्वाज का मानना है कि इस वक्त फिल्ममेकिंग एक मुश्किल दौर से गुजर रही है और अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा है। एक बातचीत में विशाल भारद्वाज ने कहा कि पहले ऐसी फिल्मों के लिए फंड जुटाना आसान था, जैसे उनकी फिल्म हैदर, अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर और विक्रमादित्य मोटवाने की उड़ान। लेकिन, अब हालात बदल गए हैं और इस तरह की फिल्मों के लिए पैसे जुटाना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि आजकल फिल्मों के लिए एक तरह की लाइन खींच दी गई है। अगर कोई अलग तरह की कहानी होती है तो कहा जाता है कि इसे ओटीटी पर ले जाओ।

## टीवी मसाला



# अर्चना ने श्वेत-रिद्धि की लव स्टोरी पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। इसमें टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने इशारों में इशारों में जाहिर कर दिया कि रियलिटी शो में एक नई प्रेम कहानी शुरू हो चुकी है। प्रोमो वह उस सेलिब्रिटी कपल के सामने भी यह बात कह देती है। जिसे सुनकर वो दोनों मुस्कुराने लगे। आखिर कौन है ये नया जोड़ा? अर्चना गौतम ने हालिया प्रोमो में एक्टर श्वेत तोमर और एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा की दोस्ती पर मजाक-मजाक में बड़ी बात कह दी। यह बात अर्चना ने रिद्धि और श्वेत के सामने कही। अर्चना बोलीं- 'तुम दोनों दोस्त नहीं गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड ज्यादा लगते हो।' यह सुनकर दोनों मुस्कुराने लगते हैं। आगे प्रोमो में रिद्धि और श्वेत के बीच की केमिस्ट्री अलग-अलग अंदाज में दिखाई जाती है। एक जगह पर दोनों बड़े प्यार से गले लगते हुए नजर आए। अब तक दर्शकों ने कई रियलिटी शो देखे हैं, जिसमें सेलिब्रिटी कपल के बीच प्यार और दोस्ती हुई। लेकिन, शो से बाहर आने के बाद अधिकतर का रिश्ता खत्म हो गया। वहीं कुछ सेलेब्स ऐसे भी रहें, जिन्हें रियलिटी शो में प्यार हुआ और बाद में शादी भी की। 'द 50' में के ही प्रतियोगी प्रिंस नरुला और युविका चौधरी को भी 'बिग बॉस' रियलिटी शो में प्यार हुआ था, शो से बाहर आने के बाद दोनों ने शादी की। '

## तुलसी ने फिर मारी बाजी, अनुपमा दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** नौवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में कई उलट-फेर हुए हैं। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' थी पिछले हफ्ते की तरफ इस बार भी नंबर वन की पॉजिशन पर बना हुआ है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है। जबकि आठवें हफ्ते में सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की टीआरपी 2.0 रही है। इन दिनों सीरियल में काफी नए ट्विस्ट आ रहे हैं। सीरियल में लीड रोल में स्मृति ईरानी नजर आती हैं। सीरियल 'अनुपमा' को इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रही है। जबकि आठवें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी 1.7 है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है, क्योंकि शो में लीप आया है, कहानी ने नया मोड़ लिया है। टॉप 5 में तीसरे नंबर पर सीरियल 'तुम से तुम तक' रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। जबकि चौथे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' है, इसको 1.6 की टीआरपी मिली है। पांचवें नंबर पर सीरियल 'नागिन 7' है। सीरियल 'नागिन 7' को 1.6 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है।




# मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है, ये लव जिहाद नहीं, सभी धर्मों का करती हूं सम्मान

*मुस्लिम एक्टर से शादी करने के बाद महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी शादी पर रिएक्शन दिया और लव जिहाद कहने वालों को जवाब दिया है। मोनालिसा भोसले, जो महाकुंभ की वायरल गर्ल के नाम से फेमस है। उन्होंने हाल ही में मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी की है, जिसके बाद उन्होंने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपनी शादी पर रिएक्शन दिया है।*

**नई दिल्ली।** अपनी शादी को लव जिहाद कहने वाले लोगों को करारा जवाब दिया और बताया कि उन्होंने हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। उन्होंने कहा- मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है। ये 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं। हमारी जो शादी हुई है वो हिंदू रीति रिवाज से हुई है। वैसे तो ये मेरे से शादी करना नहीं चाहता था। मैंने ही खुद इनसे जबरदस्ती शादी की थी। मेरे मम्मी पापा घर पर किसी दूसरे से शादी करवाना चाहते थे। तो मुझे वो लड़का अच्छा नहीं लगा। बुआ का लड़का था वो। बुआ के लड़के से मैं शादी करुंगी तो वह मेरा भाई लगा। इसलिए, मैंने सोचा कि मैं इनसे शादी नहीं करुंगी। पापा साथ में आए थे मेरे। अभी भी यहीं हैं मेरे पापा। लेकिन ,उन्होंने शादी अटेंड नहीं की। वो मेरे साथ में ही आए थे । अभी नाराज हैं। कल मिले थे हम उनसे। मोनालिसा के पति ने कहा, हमने कोई धर्म परिवर्तन नहीं किया है। मैंने वहीं मोनालिसा ने कहा, मैं सब धर्म को बराबर मानती हूं। वहीं ,उम्र का सबूत देते हुए कपल ने आधार कार्ड दिखाया, जिसमें उनकी उम्र कंफर्म की है।



# हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में फिर आया शाहरुख का नाम



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने एक बार फिर 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट' में अपनी जगह बनाई है। इससे खान का नाम भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के तौर पर मशहूर हुआ है। इससे वैश्विक मंच पर एक अहम कारोबारी हस्ती के रूप में खान का रुतबा और मजबूत हुआ है।5 मार्च को जारी लिस्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की नेट वर्थ लगभग 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो करीब 10,800 करोड़ रुपए है। इतनी दौलत के साथ वह दुनिया के कई मशहूर एक्टर्स में अपनी जगह बनाए हुए हैं। ग्लोबल वेल्थ रैंकिंग में भारत अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। अरबपतियों की संख्या के मामले में देश अभी तीसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में 308 लोग शामिल हैं। चीन और अमेरिका इस रैंकिंग में सबसे आगे हैं। जिनके पास क्रमश: 1,110 और 1,000 अरबपति हैं। हुरुन लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई ग्लोबल हस्तियां भी शामिल हैं। म्यूजिक के बड़े नाम जैसे जे-जी, जिनकी नेट वर्थ करीब 2.8 बिलियन यूएसडी है; टेलर स्विफ्ट, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन यूएसडी है और रिहाना, जिनकी नेट वर्ष 1.5 बिलियन यूएसडी है, इस लिस्ट का हिस्सा हैं। शाहरुख खान ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए रखी है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पिछली बार के मुकाबले उनकी दौलत में थोड़ी कमी आई है। 2025 में, उनकी कुल संपत्ति लगभग 12,490 करोड़ रुपए (लगभग 1.4 बिलियन यूएसडी) आंकी गई थी। काम की बात करें तो, शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होगी। इसमें रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन और अनिल कपूर सहित कई बड़े कलाकार शामिल हैं।

## प्रोड्यूसर की शूटिंग के दौरान मौत, 11 ऑस्कर जीत रचा इतिहास

# 67 साल पुरानी फिल्म ने स्टूडियो को दिवालिया होने से बचाया

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो समय की कसौटी पर खरी उतरती हैं और इतिहास रचती हैं। 1959 में रिलीज हुई 'बेन-हर ' ऐसी ही एक फिल्म है, जिसने 11 ऑस्कर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया. इस रिकॉर्ड की बराबरी बाद में 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: द रिटर्न ऑफ द किंग' ने की. विलियम वायलर निर्देशित यह फिल्म लू वॉलेस के 1880 के उपन्यास 'बेन-हर: ए टेल ऑफ द क्राइस्ट' पर आधारित है। चार्लटन हेस्टन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म रोमन साम्राज्य के समय की पृष्ठभूमि पर बदले, विश्वास और मोक्ष की कहानी बयान करती है।*

### बदले की आग और विश्वास की रोशनी

फिल्म की कहानी बेन हर की है जो हालात के हाथों मजबूर होकर गुलाम बन जाता है। कुल मिलाकर इस कहानी में धर्म और कर्म दोनों का मर्म जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी को खूब पसंद किया गया था और इसी वजह से यह दुनियाभर में पसंद भी की गई।

### सबसे महंगी फिल्म का सफर

'बेन-हर' का निर्माण एमजीएम स्टूडियो के लिए जीने-मरने का सवाल बन गया था. क्योंकि स्टूडियो दिवालिया होने की कगार पर था। फिल्म का बजट शुरू में 7 मिलियन डॉलर था, लेकिन यह बढ़कर 15.2 मिलियन डॉलर हो गया. जो उस समय की सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म की शूटिंग इटली के सिनेसिटा स्टूडियो में हुई, जहां 18 एकड़ का सेट बनाया गया। प्रोडक्शन अक्टूबर 1957 में शुरू हुआ, और शूटिंग मई 1958 से जनवरी 1959 तक चली। 12-14 घंटे के दिन और छह दिन का शेड्यूल था। इसका रथ दौड़ का सीन सिनेमा के इतिहास का सबसे प्रसिद्ध एक्शन सीक्वेंस बन गया।. इसे फिल्माने में पांच हफ्ते, 15,000 एक्स्ट्रा लगे और 18 रथ बनाए गए। याकिमा कैनट ने स्टंट निर्देशित किया। समुद्री लड़ाई के लिए कैलिफोर्निया में मिनिएचर जहाजों का इस्तेमाल किया गया। 200 ऊंट, 2,500 घोड़े और 10,000 एक्स्ट्रा थे। यही नहीं, प्रोड्यूसर सैम जिम्बालिस्ट की शूटिंग के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।



### सिनेमा का मील का पत्थर

बॉक्स ऑफिस पर 'बेन हर' 1959 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म थी, कुल 146.9 मिलियन डॉलर की कमाई. फिल्म ने एमजीएम को दिवालिया होने से बचाया. 'बेन-हर' ने एपिक फिल्मों को नई दिशा दी। आज भी इसका रथ दौड़ सीन एक्शन का बेंचमार्क है। 1971 में टीवी पर इस फिल्म को 8.58 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह फिल्म क्षमा, विश्वास और मानवता की सीख देती है, जो समय से परे है।

### बेन-हर स्टारकास्ट और ड्युरेशन

चार्लटन हेस्टन ने बेन-हर का किरदार निभाया, जबकि स्टीफन बॉयड मेसाला बने. जैक हॉकिंस, हाया हरारीत, ह्यू ग्रिफिथ आदि मुख्य भूमिकाओं में थे। विलियम वायलर ने निर्देशन किया। रोमन भूमिकाओं के लिए ब्रिटिश एक्टर्स और यहूदी के लिए अमेरिकी चुने गए। फिल्म का ड्युरेशन लगभग तीन घंटे 32 मिनट है। बेन-हर (1959) फिल्म को ऑस्कर में 12 नॉमिनेशन मिले थे, जिनमें से ये 11 कैटेगरी ऑस्कर जीतने में कामयाब रही।

## खबर संक्षेप

### 16 को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

**बिलाईगढ़।** नगर की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बिलाईगढ़ में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रायल एंड फ्रेंड्स ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित यह भव्य कवि सम्मेलन 16 मार्च को नगर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट में संपन्न होगा। आयोजन समिति के सदस्य प्रदीप देवांगन एवं दुर्गा सिंघानिया ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित कवि एवं कवयित्रियां अपनी प्रस्तुति देंगे। कवि सम्मेलन में लखनऊ से ओज के कवि योगेश सिंह चौहान, बिलाईगढ़ के हास्य कवि एवं मंच संचालक बंशीधर मिश्रा, कटनी से कवयित्री प्रियंका मिश्रा, कैथा से हास्य कवि शशिभूषण स्नेही, दुर्ग से हास्य कवि मयंक शर्मा, भटगांव से दाता दीवाना तथा पवनी की कवयित्री अंजू लता ष्अंजूष् काव्य पाठ कर श्रोताओं को हास्य और ओज से सराबोर करेंगे। कार्यक्रम की विशेषता यह भी रहेगी कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से पूर्व स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रेशम देवांगन, विनोद डडसेना, लोकनाथ मधुर, रंजीत देवांगन एवं भूषण श्रीवास अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। इस आयोजन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### नामकरण जनभावना का सम्मान : अरुणधर

**रायगढ़।** महापौर जीवर्धन चौहान की शहर सरकार द्वारा निगम ऑडिटोरियम का नामकरण पूज्य बाबा प्रियदर्शी रामजी के नाम करने पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा तीन दशकों से अपनी स्थापना के बाद इस संस्था ने पीड़ित मानव सेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश की है। इस निर्णय को जनभावना का सम्मान बताते हुए दीवान ने कहा बनोरा आश्रम मानव जीवन में बदलाव लाने वाली पाठशाला साबित हुई है। सभी शाखाओं में अनवरत चिकित्सा शिविर नेत्र शिविर स्वास्थ्य शिविर के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास रत साधन विहीन लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ मिला है। शिक्षा के क्षेत्र में भी इस इस संस्था ने नए मिथक स्थापित किए है। नशा मुक्ति के लिए अनवरत किए जाने वाले प्रयासों का सह सुखद परिणाम रहा कि होली के पावन त्यौहार में परिवार जनों के साथ आम लोग भारी संख्या में आश्रम जाकर शालीनता पूर्वक अनुशासित एवं पारंपरिक तरीके से होली मनाते है।

### आईडीबीआई बैक ने स्कूल को दिया कंम्प्यूटर

**पुसौर।** आईडीबीआई बैंक पुसौर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के भूमिका के तहत किसी न किसी शैक्षणिक संस्थान अथवा आम जन के कल्याण के लिए ऐसे सामग्री मुहैया कराती रही है जिससे कि संबंधितों को लंबे समय तक के लिए उपयोगी हो और उसका लाभ उठाकर लोगों को काफी राहत पहुंचे। इस तथ्य के मद्देनजर आईडीबीआई प्रबंधन पुसौर प्रमुख प्रभात कुमार भोय एवं सहायक प्रियव्रत माझी द्वारा षासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल पुसौर में एक कंम्प्यूटर, एक प्रिंटर तथा 1 एलईडी टीवी छात्र हित में उपलब्ध कराया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद अंशु साव, निराकार पटेल, प्रदीप यादव उपस्थित रहे।

## खम्हार-पाकुट जलाशय के सौंदर्यीकरण का बनेगा ब्लूप्रिंट

# पहाड़ लुड़ेग बनेगा आदर्श ग्राम ग्रामीणों से मांगे विकास के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेने और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज लैलूंगा विकासखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सलखिया स्थित गुरुकुल आश्रम में डीएमएफ मद से संचालित रागी की जैविक खेती का निरीक्षण किया और किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक व जैविक तकनीकों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने केलो नदी के उद्गम स्थल ग्राम पहाड़ लुड़ेग का भ्रमण कर उसके संरक्षण और विकास की संभावनाओं पर ग्रामीणों से चर्चा की। कलेक्टर ने खम्हार-पाकुट जलाशय योजना का निरीक्षण करते हुए जलाशय के तटीय क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए, वहीं लैलूंगा के 50 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सलखिया स्थित गुरुकुल आश्रम में डीएमएफ की सहायता से की जा रही रागी की खेती की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि लैलूंगा विकासखंड के लगभग 50 किसान इस बार रागी की खेती पूरी तरह जैविक पद्धति से कर रहे हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर को बताया गया कि छत्तीसगढ़ के रागी विशेषज्ञ जैकब द्वारा किसानों को रागी उत्पादन की तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### केलो नदी के उद्गम स्थल पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर ने केलो नदी के उद्गम स्थल ग्राम पहाड़ लुड़ेग का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर नदी के उद्गम स्थल से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने लैलूंगा से पहाड़ लुड़ेग तक सड़क निर्माण की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केलो नदी का उद्गम स्थल जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है और इसे सुरक्षित एवं संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने पहाड़ लुड़ेग ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए भी प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तो क्षेत्र के लोगों को रोजगार और आय के नए अवसर मिल सकते हैं।

### खम्हार-पाकुट जलाशय का जायजा

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत जाम बहार स्थित खम्हार-पाकुट जलाशय योजना का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जल संसाधन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जलाशय में आदिवासी मत्स्य समिति लैलूंगा द्वारा किए जा रहे मछली पालन कार्य की उन्होंने सराहना की और समिति को इस कार्य को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जलाशय के तटीय क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए किसी विशेषज्ञ आर्किटेक्ट से विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ को दिए।



## चंद्रपुर तहसील को मिला नया तहसीलदार, संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर तहसील की जिम्मेदारी अब संजय मिंज को सौंपी गई है। आदेश के बाद श्री मिंज ने चंद्रपुर पहुंचकर विधिवत रूप से तहसीलदार का प्रभार ग्रहण कर लिया।तहसील कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया

इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा पुष्प एवं फल भेंट कर नए तहसीलदार का अभिनंदन किया गया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्यालय पटवारी मुकेश रमन, राजस्व निरीक्षक विनोद नेताम, विजय भारती, दिनेश निषाद, लोक सेवा केंद्र के देवराज पटेल, दीपक पटेल तथा कोटवार नेतराम सहित तहसील कार्यालय के अन्य कर्मचारी एवं कोटवार उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर तहसीलदार संजय मिंज का स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि नए तहसीलदार के मार्गदर्शन में तहसील चंद्रपुर में राजस्व से जुड़े कार्यों में और अधिक गति आएगी तथा आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण और पारदर्शिता को लेकर भी सकारात्मक उम्मीद जताई गई।

## पीएमश्री सेजेस के विद्यार्थियों ने किया आईआईएम का शैक्षणिक भ्रमण



**घरघोड़ा।** पीएमश्री सेजेस घरघोड़ा मिडिल विंग के बच्चों एवं शिक्षकों ने पीएमश्री सेजेस विद्यालय एक्सपोजर विजिट योजना के अंतर्गत आईआईएम संबलपुर तथा एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटोरियम बुर्ला का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार पंडा एसएमडीसी अध्यक्ष शिशु विजय सिन्हा एवं मिडिल स्कूल इंग्लिश मीडियम की प्रधान पाठिका सबीना सोनी एक्का एवं मिडिल स्कूल हिंदी माध्यम की प्रभारी प्रधान पाठिका गीता पटेल तथा प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कंचन माला सिन्हा के मार्गदर्शन में दिनांक 11 मार्च 2026, बुधवार को विद्यार्थियों के लिए संबलपुर ओडिशा का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अंबाभोना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। आई आई एम संबलपुर में सबसे पहले कोणार्क भवन के ऑडिटोरियम में संस्थान का परिचयात्मक वीडियो दिखाया गया। इसके बाद विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपने.अपने विभाग के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। दोपहर 1.30 बजे सभी ने संस्थान के विशाल मेस में भोजन किया। भोजन अत्यंत स्वादिष्ट था जिसमें ओडिशा का प्रसिद्ध व्यंजन दलमा भी शामिल था। भोजन के बाद विद्यार्थियों ने स्टाफ सदस्यों के मार्गदर्शन में संस्थान के विभिन्न भवनों स्पोर्ट्स क्लब तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। इसके बाद सभी बुर्ला प्लेनेटोरियम पहुँचे जहाँ ब्रह्मांड के इतिहास पर आधारित एक रोचक वीडियो देखा गया तथा साइंस पार्क में लगे झूलों और अन्य गतिविधियों का आनंद लिया।

## जल संरक्षण के लिए गांव-गांव में निर्माण कर रहे सोखता गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला



मोर गांव मोर पानी जल संगवारी अभियान के तहत ग्राम पंचायत बोईरडीह में सोखता गड्ढा निर्माण किया गया। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए गांव.-गांव में सोखता गड्ढे बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

ग्राम सभाओं और बैठकों के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि घरों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों के पास सोखता गड्ढा बनाकर वर्षा जल और दैनिक उपयोग के पानी को जमीन में समाहित किया जा सकता है। इससे जहां एक ओर जलभराव की समस्या कम होगी, वहीं दूसरी ओर भूजल स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बोईरडीह में जनपद पंचायत सीईओ अजय कुमार पटेल तथा पीओ कमलेश मेहरा की उपस्थिति में सरपंच विनीता प्रमोद नायक और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा एक सोखता गड्ढा संतान के नाम योजना के तहत सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए यह संदेश दिया जा रहा है कि जैसे हर माता.पिता अपनी संतान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं, वैसे ही उनके भविष्य के लिए जल संरक्षण भी आवश्यक है। सोखता गड्ढा घरों से निकलने वाले पानी को जमीन में समाहित कर देता हैए जिससे पानी की बर्बादी रुकती है और भूजल स्तर भी संतुलित रहता है। साथ ही गांव में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलती है।

### विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

अभियान को गति देने के लिए जनपद पंचायत बरमकेला के सीईओ अजय कुमार पटेल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बोईरडीही, बुदेली, सराईपाली, कुम्हारी और झिकिपाली ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की तथा पंचायत प्रतिनिधियों को इस अभियान को और तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर गांव में अधिक से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण कर जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है।

## प्रभारी चन्द्रदेव और जिला अध्यक्ष ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ ग्रामीण द्वारा 12 मार्च को कांग्रेस भवन में प्रभारी एवं बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नगेंद्र नेगी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से बूथ, पंचायत एवं वार्ड कमेटियों के गठन तथा बीएलए की नियुक्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तारेन्द्र डनसेना ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर प्रदेश के सभी जिला में बुथ स्तर से लेकर जिला तक कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठन सृजन अभियान में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लिए प्रभारी बनाया गया है। जिसमें रायगढ़ जिला कांग्रेस ग्रामीण के लिए बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय को प्रभारी बनाया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के बैठक लेने पहुंचे प्रभारी एवं बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय का कांग्रेस भवन पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रदेव राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से ही बनती है। उन्होंने सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर की कमेटियों का गठन कर संबंधित प्रपत्र जिला कांग्रेस कमेटी में जमा कराएं, ताकि संगठनात्मक ढांचे को और अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने भी जिले के सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को निर्धारित समय सीमा के अंदर कमेटियों का गठन करने तथा जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को मिलकर संगठन को सशक्त बनाना होगा। इस दौरान रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक तथा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सत्यदेव गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की मजबूती और जनसरोकार के मुद्दों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

### जिपं सीईओ ने सब्जी नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण का किया अवलोकन

**कटेली।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी सारंगढ़ में संचालित सब्जी नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत बर्मन ने संस्थान का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात की तथा चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान सब्जी उत्पादन, सब्जी नर्सरी तैयार करने की तकनीक तथा इससे जुड़े स्वरोजगार के अवसरों के बारे में चर्चा की गई। सीईओ ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन ग्रामीण क्षेत्रों में आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

## राइसमिल में लगी आग, भारी नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कटेली। सारंगढ़ शहर से 6 किमी दूर कटेली रोड पर स्थित केजरी राइस मिल में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। मिल परिसर में रखे हजारों क्विंटल धान आग की चपेट में आ गए, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास के सड़क से गुजरने वाले राहगीरों में अफरा. तफरी मच गई।


केजरी राइस मिल के भीतर हजारों क्विंटल धान का ढेर लगा हुआ था, जो सूखे छिलकों भूसे की मौजूदगी ने आग के लिए ईंधन का काम कर रहा है। इसी वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने के बावजूद आग पर काबू पाना चुनौती पूर्ण बना हुआ था। आग इतनी भयानक थी कि उसकी लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही देखा जा सकता है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, संभावना यह जताई जा रही है कि आजू-बाजू में खेत है जहां पराली जल रही थी। स्व. पवन केजरीवाल के मिल में भारी मात्रा में धान का स्टॉक होने के कारण आग तेजी से फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश, दमकल की कमी के चलते आग पूरी तरह से बुझाई गई।

### भाजपा किसान मोर्चा के गठन का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा : ललित

रायगढ़। भाजपा किसान मोर्चा के गठन के बाद नए पदाधिकारियों के परिचय के लिए आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। इस संबंध की जानकारी देते हुए किसान मोर्चा अध्यक्ष ललित यादव ने कहा भाजपा किसान मोर्चा के गठन का उद्देश्य किसानों की हितों का संवर्धन करना हैं। इसके साथ साथ किसानों के हितों की रक्षा और कृषि क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास हेतु सतत नित नए प्रयास करना। परिचयात्मक बैठक के दौरान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व देते हुए संगठन कार्य शैली के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक के दौरान इस बात पर प्रकाश डाला गया कि मोदी सरकार ने किसान हित के लिए बड़े फ़ैसले लिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिए कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, खाद और बीज पर सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी दिए जाने हेतु बड़े निर्णय लिए गए।

### नाम परिवर्तन सूचना

ये घोषित किया जाता है कि राजेश कुमार लाल पत्नी श्रीमती वर्षा लाल के पुत्र जिनका नाम पहले आर्यंत अर्पित लाल (Aaryant Arpit Lall) था जो प्राची विहार कॉलोनी रायगढ़ के निवासी हैं उसे सुधार कर आर्यन अर्पित लाल (Aaryan Arpit Lal) किया गया है, आगे से इसी नाम से जाने जायेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## नाली-पानी, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश

# वार्ड 24 और 25 में पहुंचे महापौर, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ



नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 और 25 बिनोबा नगर और संजय नगर में आम नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं की जानकारी दिए जाने के बाद महापौर जीववर्धन चौहान स्वयं मौके पर पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाली से निकासी की स्थितिए पानी की उपलब्धता, साफ.सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

महापौर ने वार्ड का भ्रमण करते हुए स्थानीय नागरिकों से सीधे चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वार्डवासियों ने नाली की सफाई, जल निकासी, नियमित साफ.सफाई और अन्य सुविधाओं से संबंधित समस्याएं महापौर के सामने रखीं। इस पर महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने और समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री चौहान ने कहा कि वार्डों में नाली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने, नियमित सफाई कराने और जहां भी आवश्यकता हो वहां त्वरित कार्रवाई करने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में साफ.सफाई व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखी जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त